दिन– बुधवार दिनांक– 15 / 10 / 2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– प्रातः 08.48 बजे से। अवधिः– 15 मिनट

---

01. भाजपा के वरिष्ठ नेता और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज बिहार विधानसभा चुनाव के लिए प्रचार अभियान की शुरूआत करेंगे। बूथ स्तर के कार्यकर्ताओं से करेंगे संवाद।

02. एनडीए और महागठबंधन के घटक दलों में सीटों को लेकर खींचतान के बीच प्रत्याशियों का नामांकन शुरू। उपमुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा लखीसराय और राजद के वरिष्ठ नेता तेजस्वी प्रसाद यादव राघोपुर सीट से आज करेंगे नामांकन।

03. निर्वाचन आयोग ने विधानसभा चुनाव के दौरान मतदाताओं को मतदान से पांच दिन पहले मतदाता पर्ची दिये जाने के निर्देश दिये।

04. और, राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग ने राज्य सरकार से प्रदेश की अठारह जातियों को ओबीसी की केन्द्रीय सूची में शामिल करने के लिए जानकारी मांगी।

---

भाजपा के वरिष्ठ नेता और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज प्रदेश के बूथ स्तर के पार्टी कार्यकर्ताओं से बातचीत के साथ विधानसभा चुनाव के लिए प्रचार शुरू करेंगे। प्रधानमंत्री श्री मोदी **मेरा बूथ सबसे मजबूत** कार्यक्रम के तहत नमो एप के जरिए बूथ स्तरीय कार्यकर्ताओं के साथ संवाद करेंगे। श्री मोदी ने चुनाव अभियान में पार्टी कार्यकर्ताओं की सक्रियता की सराहना करते हुये कहा कि वे पूरी ऊर्जा के साथ बिहार में एनडीए की जीत सुनिश्चित करने के लिए काम कर रहे हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि ऐसे समर्पित कार्यकर्ताओं से बातचीत से नई ऊर्जा मिलती है। श्री मोदी ने एक सोशल मीडिया पोस्ट पर इसकी जानकारी देते हुए सभी कार्यकर्ताओं से इसमें भाग लेने का अनुरोध किया है।

---

एनडीए और महागठबंधन दलों की ओर से चुनाव प्रचार में भी तेजी आयी है। भारतीय जनता पार्टी ने अपने स्टार प्रचारकों की सूची जारी कर दी है। इस सूची में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, भाजपा अध्यक्ष जे.पी. नड्डा, उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेन्द्र फडणवीस, उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी, दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता और राजस्थान की उप मुख्यमंत्री दीया कुमारी समेत चालीस वरष्ठि नेता शामिल हैं। इधर, राजद के वरिष्ठ नेता तेजस्वी प्रसाद यादव आज से प्रचार अभियान की शुरूआत करेंगे। गौरतलब है कि पहले चरण की एक सौ इक्कीस सीटों के लिए चार नवम्बर और दूसरे चरण की एक सौ बाईस सीटों के लिए नौ नवम्बर तक चुनाव प्रचार हो सकता है।

---

विधानसभा चुनाव में एनडीए और महागठबंधन के घटक दलों में सीटों को लेकर खींचतान के बीच दोनों ही गठबंधनों से प्रत्याशियों ने नामांकन शुरू कर दिए हैं। एनडीए में जदयू और महागठबंधन में कांग्रेस अपनी कई सीट सहयोगी दलों के लिए छोड़ने को राजी नहीं है इसे देखते हुए कई सीटों पर दोस्ताना संघर्ष होने की संभावना है। हिंदुस्तानी अवाम मोर्चा के प्रमुख और केंद्रीय मंत्री जीतन राम मांझी ने भी कहा है कि उनकी पार्टी लोक जनशक्ति रामविलास को दी गई बोधगया और मखदुमपुर की सीट पर अपने प्रत्याशी उतारेगी।

इधर, जनता दल यूनाइटेड ने अपने कोटे की कई सीटों को एलजेपी रामविलास को दिए जाने पर नाराजगी व्यक्त करते हुए अभी तक पार्टी ने प्रत्याशियों के नाम की घोषणा नहीं की है। भाजपा की ओर से इकहत्तर प्रत्याशियों के सूची जारी किए जाने के बाद कल हिंदुस्तानी अवाम मोर्चा ने भी आवंटित की गई छह सीटों पर अपने प्रत्याशी घोषित कर दिए।

---

एनडीए के घटक दल राष्ट्रीय लोक मोर्चा के प्रमुख उपेन्द्र कुशवाहा आज नई दिल्ली में भाजपा के वरिष्ठ नेता और केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह से मुलाकात करेंगे। पटना में संवाददाताओं से बातचीत में श्री कुशवाहा ने कहा कि वे सब कुछ ठीक होने की उम्मीद से दिल्ली जा रहे हैं।

———बाईट———

गौरतलब है कि एनडीए में सीट बंटवारे से उपेन्द्र कुशवाहा नाखुश नजर आ रहे हैं। विधानसभा चुनाव में उनकी पार्टी को गठबंधन में छह सीट दी गयी है।

---

हमारे संवाददाता ने बताया कि महागठबंधन में गतिरोध अभी भी जारी है। सीटों के बंटवारे को लेकर कांग्रेस की केंद्रीय चुनाव समिति ने मैराथन बैठक की। इसके बाद कई नाम तय कर लिए गए हैं।

———बाईट– ———

---

महागठबंधन के घटक दल भारतीय कम्यूनिष्ट पार्टी, सीपीआई ने छह प्रत्याशियों की पहली सूची जारी कर दी है। पार्टी ने तेघड़ा से राम रतन सिंह, बखरी सुरक्षित सीट से सूर्यकांत पासवान, बछवाड़ा से अवधेश कुमार राय, बांका से संजय कुमार, हरलाखी से राकेश कुमार पाण्डेय और झंझारपुर से राम नारायण पाण्डेय को उम्मीदवार घोषित किया है।

इधर, राघोपुर विधानसभा क्षेत्र से जन सुराज ने चंचल सिंह को पार्टी प्रत्याशी घोषित किया है। वहीं, भागलपुर विधानसभा क्षेत्र से पूर्व केन्द्रीय मंत्री अश्विनी कुमार चौबे के पुत्र अर्जित शाश्वत चौबे ने निर्दलीय चुनाव लड़ने की घोषणा की है।

---

विधानसभा चुनाव के दोनों चरणों के लिए नामांकन पत्र दाखिल करने की रफ्तार तेज हो गयी है। इसके साथ ही अब तक एक सौ पचहत्तर उम्मीदवारों ने नामांकन पत्र दाखिल किया है। जदयू के प्रदेश अध्यक्ष उमेश कुशवाहा ने वैशाली के महनार से नामांकन पर्चा दाखिल किया। पार्टी के वरिष्ठ नेता और ऊर्जा मंत्री बिजेन्द्र प्रसाद यादव ने सुपौल विधानसभा क्षेत्र से और मोकामा से जदयू के टिकट पर अनंत सिंह ने नामांकन पत्र भरा है। जदयू के सिद्धार्थ पटेल ने वैशाली से और गोपाल कुमार अग्रवाल ने किशनगंज के बहादुरगंज विधानसभा क्षेत्र से पर्चा दाखिल किया है। इधर, महागठबंधन के घटक दल सीपीआईएमएल के छह उम्मीदवारों ने भी नामांकन पत्र दाखिल किया है। इनमें जीरादेई से अमरजीत कुशवाहा, दरौली से सत्यदेव राम और दरौंदा से अमरनाथ यादव शामिल हैं। इधर, वीआईपी के सकलदेव बिंद ने तारापुर से नामांकन पत्र दाखिल किया है। इसके साथ ही जन सुराज, आम आदमी पार्टी और कई निर्दलीय उम्मीदवारों ने भी अपने–अपने पर्चे दाखिल किये हैं।

---

इधर, राजद के वरिष्ठ नेता तेजस्वी प्रसाद यादव आज राघोपुर विधानसभा क्षेत्र से नामांकन पत्र दाखिल करेंगे। वहीं, उप मुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा आज लखीसराय विधानसभा क्षेत्र से नामांकन पत्र दाखिल करेंगे। उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी कल तारापुर विधानसभा क्षेत्र से और रामकृपाल यादव दानापुर सीट से नामांकन दाखिल करेगे। गौरतलब है कि पहले चरण का नामांकन सत्रह अक्टूबर और दूसरे चरण का नामांकन पत्र बीस अक्टूबर तक भरने की तारीख निर्धारित है।

---

निवार्चन आयोग ने कहा है कि राजनीतिक दलों के प्रत्याशियों को नामांकन पत्र दाखिल करने के दौरान अपने आधिकारिक सोशल मीडिया अकाउंट की जानकारी भी देनी होगी। इसके साथ ही आयोग ने विधानसभा चुनाव समाप्त होने के पचहत्तर दिनों के भीतर सोशल मीडिया वेबसाइटों सहित इंटरनेट के माध्यम से प्रचार पर हुए खर्च का विवरण भी पेश करने के भी निर्देश दिये हैं। आयोग ने राजनीतिक दलों और उम्मीदवारों से सोशल मीडिया सहित किसी भी इंटरनेट–आधारित वेबसाइट पर राजनीतिक विज्ञापन जारी नहीं करने का आग्रह किया है। आयोग के अनुसार कोई भी विज्ञापन जारी करने से पहले मीडिया प्रमाणन और निगरानी समिति से प्रमाणपत्र लिया जाना चाहिए।

---

विधानसभा चुनाव के दौरान मतदाताओं को मतदान से पांच दिन पहले मतदाता पर्ची मिलेगी। राज्य के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी विनोद सिंह गुंजियाल ने प्रथम चरण के अठारह जिलों में निर्वाचन तैयारियों की समीक्षा के दौरान जिला निर्वाचन पदाधिकारियों को ये निर्देश दिये। वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से हुई समीक्षा के दौरान श्री गुंजियाल ने शत प्रतिशत बूथों पर वेबकास्टिंग भी कराने के निर्देश दिये। श्री गुंजियाल ने फॉर्म बारह–डी तथा पोस्टल बैलेट से संबंधित अन्य तैयारियों की भी समीक्षा की। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने निर्देशित किया कि सभी पोलिग स्टेशनों पर साइनेज कार्य को शत–प्रतिशत पूर्ण कर लिया जाये। सोशल मीडिया पर भ्रामक सूचनाएं और अफवाह फैलाने वाले तत्वों को चिन्हित कर उन पर आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए।

इधर, पटना जिले में विधानसभा चुनाव को लेकर आज पहला रिहर्सल होगा। इसके तहत निर्वाचन आयोग के ईसीआईनेट एप का ट्रायल होगा।

---

और अब चुनाव से जुड़ी अन्य खबरें.....

कटिहार पुलिस ने बलिया बेलोन थाना क्षेत्र के मीनापुर गांव स्थित फुटानी चौक के पास वाहन जांच के दौरान एक डाक पार्सल ट्रक से 988 लीटर विदेशी शराब बरामद की है। बारसोई के अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी अजय कुमार सिंह ने बताया कि चुनाव के दौरान इसे खपाने की योजना थी।

खगड़िया सदर प्रखंड कार्यालय में स्वीप कोषांग की ओर से आशा कार्यकर्ता, जीविका दीदी और आंगनवाड़ी सेविकाओं को मतदाताओं को प्रेरित करने के लिए प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया।

अररिया जिले में निर्वाचन व्यय की निगरानी और पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए व्यय प्रेक्षक आवेश तितरमारे और दिनेश जांगिड़ की अध्यक्षता में विभिन्न टीमों के नोडल अधिकारियों के साथ बैठक आयोजित की गई।

किशनगंज जिले में नगर क्षेत्र के फरिंग गोला के पास वाहन जांच के दौरान एक कार से नौ लाख तीस हजार रुपये नकद बरामद किये गये।

वैशाली जिले के सभी प्रखंडों मे मतदाता जागरुकता अभियान चलाया गया। जीविका दीदी, सेविका, सहायिका, स्कूली छात्र–छात्राओं ने स्वीप गतिविधियों के अन्तर्गत पेंटिंग, रंगोली, पोस्टर मेकिंग, मतदाता शपथ ग्रहण, साइकिल रैली, और संध्या चौपाल का आयोजन किया।

पटना के जिलाधिकारी त्यागराजन एस.एम ने बख्तियारपुर प्रखंड के काला दियारा स्थित एक सरकारी स्कूल के प्रधानध्यापक को राजनीतिक कार्यक्रम में शामिल होने के कारण निलंबित कर दिया है।

---

राज्य में आदर्श आचार संहिता लागू होने के बाद अब तक एक करोड़ तेईस लाख रूपये से अधिक नकद राशि जब्त की गयी है। निर्वाचन आयोग के अनुसार पिछले चौबीस घंटों के दौरान पुलिस ने चौदह लाख रूपये नकद, एक करोड़ तेईस लाख रूपये मूल्य की शराब, इकहत्तर लाख रूपये मूल्य के मादक पदार्थ और बीस लाख रूपये की बहुमूल्य वस्तुएं जब्त की है।

राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग ने राज्य सरकार से प्रदेश की अठारह जातियों को ओबीसी की केन्द्रीय सूची में शामिल करने के संबंध में जानकारी मांगी है। इसके तहत इन प्रस्तावित जातियों का सामाजिक, आर्थिक और शैक्षणिक स्थिति का ब्यौरा मांगा गया है। आयोग के अध्यक्ष हंसराज अहीर ने पिछले सप्ताह पटना में इस संबंध में अधिकारियों और प्रतिनिधियों के साथ समीक्षा बैठक की थी। राज्य सरकार के अनुसार इस संबंध में आंकड़ें जुटाये जा रहे हैं।

अब पटना से प्रकाशित प्रमुख समाचार पत्रों की सुर्खियां.......

आज के सभी समाचार पत्रों ने अलग–अलग खबरों को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

हिन्दुस्तान ने भाजपा उम्मीदवारों की पहली सूची जारी होने पर लिखा है– भाजपा में नंदकिशोर यादव, अरूण सिन्हा का पत्ता साफ। कई पूर्व मंत्रियों समेत ग्यारह विधायक बेटिकट।

दैनिक जागरण की बड़ी खबर है– आधा आबादी मतदान में आगे, टिकट पाने में पीछे।

दैनिक भास्कर लिखता है– हिन्दुस्तानी आवाम मोर्चा की सूची जारी, जीतन राम मांझी ने समधिन और बहू को दिया टिकट।

प्रभात खबर का शीर्षक है– सीट बंटने के बाद हर दल में उठने लगे विरोध के स्वर।

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर.......

01. भाजपा के वरिष्ठ नेता और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज बिहार विधानसभा चुनाव के लिए प्रचार अभियान की शुरूआत करेंगे। बूथ स्तर के कार्यकर्ताओं से करेंगे संवाद।

02. एनडीए और महागठबंधन के घटक दलों में सीटों को लेकर खींचतान के बीच प्रत्याशियों का नामांकन शुरू। उपमुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा लखीसराय और राजद के वरिष्ठ नेता तेजस्वी प्रसाद यादव राघोपुर सीट से आज करेंगे नामांकन।

03. निर्वाचन आयोग ने विधानसभा चुनाव के दौरान मतदाताओं को मतदान से पांच दिन पहले मतदाता पर्ची दिये जाने के निर्देश दिये।

04. और, राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग ने राज्य सरकार से प्रदेश की अठारह जातियों को ओबीसी की केन्द्रीय सूची में शामिल करने के लिए जानकारी मांगी।

---

नमस्कार।